**OSDAV Public School, Kaithal**
**July Test(2024)**
**Class : VI**
**Subject : Hindi** **Set-A**

**Time: 1 hr 10 min.** **M.M.-30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. **साफ व सुंदर लिखें ।**
3. **प्रश्न पत्र में दी गई क्रम संख्या ही लिखें।**

| Q.No. | Questions | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 1×4=4 |
| | **आज गाँधी जी के आदर्श पर साहित्य की भरमार है, लेकिन किसी को उनके आदर्श की गूँज सुननी हो तो वह सेवाग्राम आश्रममें स्थित गाँधी जी की कुटिया में सुन सकता है। देश में स्थित कई आश्रम भी उनकी याद दिलाते हैं, लेकिन सेवाग्रामसबसे अलग हैं । यह कुटिया आज भी मौजूद है, जैसे वह गाँधी जी के समय में मौजूद थी। विश्व विख्यात चिंतक इवान इलिच जब इस आश्रम में कुछ दशक पहले आए, तो वे गाँधी की कुटिया से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। उनका कहना था कि मैं इस कुटिया के जरिए गाँधी जी की दृष्टि को समझने का जितना प्रयास करता गया, उतना ही मुझे उनकी सादगी, सफ़ाई और सौंदर्यवृत्ति का दर्शन स्पष्ट होता गया। गाँधी जी की कुटिया का संदेश है–सबके साथ प्रेम और बराबरी का संबंध कायम करना।जिन लोगों को गाँधी जी की इस कुटिया का यह महत्त्व समझ नहीं आता और जो रहने के लिए बड़ी-बड़ी जगहों को तथा आलीशान भवनों की चाह रखते हैं, वे अपने सचेतन भाव को अचेतन मकानात के हवाले सौंप देते हैं तथा अपने शरीर का लचीलापन और जिंदगी की जिंदादिली दोनों खो बैठते हैं।**<br><br>(1) प्रस्तुत गद्यांश में किस कुटिया का जिक्र है?<br>(i) साबरमती आश्रम (ii) सेवाग्राम आश्रम<br>(iii) आनंदमठ आश्रम (iv) शांतिनिकेतन आश्रम<br><br>(2) इवान इलिच ने कुटिया के जरिए गाँधी के किस दर्शन को समझा?<br>(i) सेवा और दूसरों की मदद (ii) गाँधी जी का साहित्य<br>(iii) सादगी, सफ़ाई और सौंदर्यवृत्ति (iv) कुटिया और आलीशान भवनों की तुलना<br><br>(3) गाँधी जी के आदर्श की गूँज कहाँ सुनी जा सकती है?<br>(i)गाँधी जी के आदर्श पर लिखे साहित्य में (ii) गाँधी जी के भाषणों में<br>(iii) गाँधी जी की आत्मकथा में (iv) गाँधी जी की सेवाग्राम स्थित कुटिया में | |

| | | |
|---|---|---|
| | (4) गाँधी जी की कुटिया का संदेश है-<br>(i) बड़ी-बड़ी जगहों तथा आलीशान भवनों की चाह<br>(ii) सबके साथ प्रेम और बराबरी का संबंध कायम करना<br>(iii) अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है<br>(iv) लोगों के दुःख निवारणहेतु धन-वैभव का त्याग | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए- | **1×3=3** |
| | 1. **'मालिक'और 'दास' का स्त्रीलिंग शब्द लिखिए।**<br>2. कविता 'और 'कुर्सी 'का बहुवचन शब्द लिखिए।<br>3. उदय 'और 'उधार 'का विपरीत शब्द लिखिए। | |
| प्रश्न 3 | 1. **'काटा' तथा 'सपादक' शब्दों में सही स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक लगाइए**<br>2. निम्नलिखित मुहावरे काअर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-<br>**(क) हाथ बढ़ाना -**<br>3. भाववाचक संज्ञा लिखें - कुशल-------, मोटा--------<br>4. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-<br>**(क) अविष्कार** **(ख)** मिठाईयाँ | **1×4=4** |
| प्रश्न 4 | 1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।<br>**क)** मास में एक बार होने वाला**---------** **ख)** जिसकी कीमत बहुत अधिक हो**-----**<br>2. आकाशऔर शरीरका पर्यायवाची शब्द लिखिए। | **2×2=4** |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- | **1×4=4** |
| | 1. महिपाल सिंह के अखबार में कितने पेज थे?<br>2. दादाजी प्रसन्न क्यों थे?<br>3. इंसान के अपने लेख की रेखा क्या है?<br>4. महिपाल सिंह ने अपना दायाँ हाथ कैसे खो दिया? | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए- | **2×4=8** |
| | 1. वर्षा न होने पर क्या होगा?<br>2. हिमपात कब और कहाँ होता है?<br>3. मेहनत करने वाले व्यक्तियों के कदम बढ़ाने से सागर और पर्वत क्या करते हैं?<br>4. यदि महिपाल सिंह अपना दायाँ हाथ खोने के बाद निराश हो जाते तो क्या होता? | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित शब्दों की सहायता से छठी कक्षा में पहला दिन पर एक अनुच्छेद लिखें-<br>अध्यापक ,बच्चे , पुस्तकालय (लाइब्रेरी), मैदान, खेल,गाना, मदद, माता-पिता, गाड़ी | **3** |

**OSDAV Public School, Kaithal**
**July Test(2024)**
**Class : VI**
**Subject : Hindi** **Set-B**

**Time: 1 hr 10 min.** **M.M.-30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. **साफ व सुंदर लिखें ।**
3. **प्रश्न पत्र में दी गई क्रम संख्या ही लिखें।**

| Q.No. | Questions | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **1×4=4** |
| | परोपकार का शाब्दिक अर्थ है - दूसरों का भला। दूसरों की भलाई के बारे में सोचना तथा उसके लिए कार्य करना महान गुण है। यदि सभी अपने गुणों को अपनी मुट्ठियों में कैद कर लें तो यह सृष्टि-चक्र पल-भर के लिए भी न चले। वृक्ष अपने लिए नहीं, औरों के लिए फल धारण करते हैं। नदियाँ भी अपना जल स्वयं नहीं पीतीं। परोपकारी मनुष्य संपत्ति का संचय भी औरों के कल्याण के लिए करते हैं। मानव-जीवन भी एक-दूसरे के सहयोग पर निर्भर है। परोपकार का सुख लौकिक नहीं, अलौकिक है। जब कोई व्यक्ति निःस्वार्थ भाव से किसी घायल की सेवा करता है तो उस क्षण वह मनुष्य नहीं है। अपने प्रियजनों के लिए कुछ करना अलग बात है। परंतु अपने-पराए सबके लिए कर्म करना सच्चा परोपकार है। भारत में परोपकारी महापुरुषों की कमी नहीं है। यहाँ दधीचि जैसे ऋषि हुए जिन्होंने अपनी जाती के लिए अपने शरीर की हड्डियाँ दान में दे दीं। बुद्ध, महावीर, अशोक, गाँधी, अरविंद जैसे महापुरुषों के जीवन परोपकार के कारण ही महान बन सके हैं। परोपकारी व्यक्ति सदा प्रसन्न, निर्मल और हँसमुख रहता है। वह पूजा के योग्य हो जाता है।<br>**(क)सच्चा परोपकार क्या है?**<br>**(i)अपने-पराए के लिए कर्म करना** **(ii)स्वार्थी बनना**<br>**(iii)स्वार्थ चिन्तन करके कर्म करना** **(iv)सहयोग**<br>**(ख)परोपकार का क्या अर्थ है?**<br>**(i)दूसरों के बारे में न सोचना** **(ii)दूसरों का भला**<br>**(iii)दूसरों की सहायता** **(iv)दूसरों के बारे में सोचना**<br>**(ग) परोपकार** का सुख कैसा होता है**?**<br>**(i) प्राकृतिक।** **(ii) लौकिक**<br>**(iii) अलौकिक** **(iv)** निर्मल<br>**(घ) परोपकारी व्यक्ति कैसे रहता है?**<br>**(i)** अप्रसन्न **(ii) दुखी**<br>**(iii)हँसमुख** **(iv) उदास** | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-<br>1. **'सुनार'और 'नर' का स्त्रीलिंग शब्द लिखिए।**<br>2. वस्तु 'और क्यारी 'का बहुवचन शब्द लिखिए।<br>3. **'विदेश 'और 'आरंभ'का विपरीत शब्द लिखिए।** | **1×3=3** |
| प्रश्न 3 | 1. **'सवाद' तथा 'पहुचा' शब्दों में सही स्थान पर बिंदु या चंद्रबिंदु लगाइए**<br>2. निम्नलिखित मुहावरे काअर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-<br>**(क) हाथ साफ करना-**<br>3. भाववाचक संज्ञा लिखें - बच्चा-------, शत्रु----------<br>4. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-<br>**(क)** दवाईयाँ **(ख) सप्ताहिक** | **1×4=4** |
| प्रश्न 4 | 1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।<br>**क) सप्ताह में** एक बार होने वाला**——---- ख) जो सोने के गहने बनाए——-----**<br>**2वन और अतिथि का पर्यायवाची शब्द लिखिए।** | **2×2=4** |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- | **1×4=4** |
| | 1. महिपाल सिंह ने मोर्चे में कौन सा हाथ खो दिया?<br>2. दादा जी ने बच्चों को कैसे वापस बुलाया?<br>3. महिपाल सिंह ने अपने घर किसे बुलाया था?<br>4. मेहनत वालों के फौलादी क्या है? | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए- | **2×4=8** |
| | 1. लेखक और महिपाल एक दूसरे को न जानते हुए भी मित्र कैसे बन गए?<br>2. दादाजी ने बारिश का आनंद कैसे लिया?<br>3. बरसात होने पर आप क्या-क्या करते हैं?<br>4. मेहनती व्यक्तियों का रास्ता और मंजिल कौन सी होती है? | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित शब्दों की सहायता से छठी कक्षा में पहला दिन पर एक अनुच्छेद लिखें-<br>छुटियाँ,वातावरण ,खेलने ,हरियाली ,वृक्ष ,परिवार , **आराम , भोजन** | **3** |

**OSDAV Public School, Kaithal**
**Unit Test (July,2024) Set-A**
**Class : VI**
**Subject : Hindi**

**Time: 1 hr 10 min.**

सामान्य निर्देश :-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. साफ व सुंदर लिखें ।
3. प्रश्न पत्र में दी गई क्रम संख्या ही लिखें।

| Q.No. | Questions | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 1×4=4 |
| | (1) प्रस्तुत गद्यांश में किस कुटिया का जिक्र है<br>(ii) सेवाग्राम आश्रम<br><br>(2) इवान इलिच ने कुटिया के जरिए गाँधी के किस दर्शन को समझा?<br>(iii) सादगी, सफ़ाई और सौंदर्यवृत्ति<br><br>(3) गाँधी जी के आदर्श की गूँज कहाँ सुनी जा सकती है?<br>(iv) गाँधी जी की सेवाग्राम स्थित कुटिया में<br><br>(4) गाँधी जी की कुटिया का संदेश है-<br>(ii) सबके साथ प्रेम और बराबरी का संबंध कायम करना | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए- | 1×3=3 |
| | 1. 'मालकिन'और 'दासी'<br>2. ‘कविताएं'और 'कुर्सियाँ’<br>3. ‘अस्त 'और 'नकद 'का विपरीत शब्द लिखिए। | |
| प्रश्न 3 | 1. 'काँटा' तथा 'संपादक'<br>2. निम्नलिखित मुहावरे काअर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-<br>(क) हाथ बढ़ाना -मदद/सहायता करना<br>3. भाववाचक संज्ञा लिखें - कुशल- कुशलता ,मोटा- मोटापा<br>4. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-<br>(क) आविष्कार (ख) मिठाइयाँ | 1×4=4 |
| प्रश्न 4 | 1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।<br>क) मास में एक बार होने वाला- मासिक<br>ख) जिसकी कीमत बहुत अधिक हो- कीमती/मूल्यवान<br>2. आकाश-भू, भूमि,धरा,, पृथ्वी और शरीर - तन,देह,काया,बदन | 2×2=4 |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- | 1×4=4 |
| | 1. महिपाल सिंह के अखबार में बत्तीस पेज थे।<br>2. बच्चे सभी भेदभाव भूल कर आपस में मिलजुल कर खेल रहे थे। यह देखकर दादाजी प्रसन्न थे।<br>3. इंसान के अपने लेख की रेखा मेहनत है।<br>4. महिपाल सिंह ने अपना दायाँ हाथ एक मोर्चे में बम विस्फोट में खो दिया। | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए- | **2×4=8** |
| | 1. योग्यतानुसार उत्तर<br>2. हिमपात पहाड़ों पर सर्दियों में होता है।<br>3. मेहनत करने वाले व्यक्तियों के कदम बढ़ाने से सागर रास्ता छोड़ देता हैऔर पर्वत शीश झुका लेता है।<br>4. योग्यतानुसार उत्तर | |
| प्रश्न 7 | अनुच्छेद<br><br>विषय वस्तु<br>भाषायी शुद्धता | **3** |

**OSDAV Public School, Kaithal**
**Unit Test (July,2024) Set-B**
**Class : VI**
**Subject : Hindi**
**Time: 1 hr 10 min.**

सामान्य निर्देश :-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. साफ व सुंदर लिखें ।
3. प्रश्न पत्र में दी गई क्रम संख्या ही लिखें।

| Q.No. | Questions | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 1×4=4 |
| | (क)सच्चा परोपकार क्या है?<br>(i)अपने-पराए के लिए कर्म करना<br><br>(ख)परोपकार का क्या अर्थ है?<br>(ii)दूसरों का भला<br><br>(ग) परोपकार का सुख कैसा होता है?<br>(iii) अलौकिक<br><br>(घ) परोपकारी व्यक्ति कैसे रहता है?<br>(iii)हँसमुख | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए- | 1×3=3 |
| | 1. 'सुनारिन'और 'नारी'<br>2. वस्तुएँ'और क्यारियाँ'<br>3. 'स्वदेश 'और 'अंत' | |
| प्रश्न 3 | 1. 'संवाद' तथा 'पहुँचा'<br>2. निम्नलिखित मुहावरे काअर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-<br>(क) हाथ साफ करना-चोरी करना<br>3. भाववाचक संज्ञा लिखें - बच्चा- बचपन, शत्रु- शत्रुता<br>4. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-<br>(क) दवाइयाँ (ख) साप्ताहिक | 1×4=4 |
| प्रश्न 4 | 1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।<br>क) सप्ताह में एक बार होने वाला- साप्ताहिक<br>ख) जो सोने के गहने बनाए- सुनार<br>2 वन- जंगल , कानन, विपिन,अरण्य<br>अतिथि -मेहमान, पाहुना, अभ्यागत , आगंतुक | 2×2=4 |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- | 1×4=4 |
| | 1. महिपाल सिंह ने मोर्चे में दायाँ हाथ खो दिया।<br>2. दादा जी ने बच्चों को हाथ हिलाकर वापस बुलाया।<br>3. महिपाल सिंह ने अपने घर लेखक/अखिलेश शर्मा को बुलाया था।<br>4. मेहनत वालों के सीने और बाँहें फौलादी हैं। | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए- | **2×4=8** |
| | 1 लेखक और महिपाल सिंह एक-दूसरे से अपरिचित थे। अखबार संपादक महिपाल सिंह ने लेखक से अपने अखबार के लिए कविता की माँग की थी। लेखक कविता और उसमें गाँवों से संबंधित अनेक समाचार थे। उसने दूसरे अंक के लिए भी कविता भेज दी। यह कविता भी छप गई। इस प्रकार लेखक कविताएँ, कहानियाँ और लेख भेजने लगा। फिर दोनों मित्र बन गए।<br>2 दादाजी ने बारिश का आनंद आराम कुर्सी पर बैठकर चाय पी कर लिया।<br>3 योग्यतानुसार उत्तर<br>4 मेहनती व्यक्तियों का रास्ता नेक और मंजिल सच की होती है। | |
| प्रश्न 7 | अनुच्छेद<br><br>विषय वस्तु<br>भाषायी शुद्धता | **3** |